an>

Title: Need to take remedial measures to control cancer in Punjab and provide adequate medical facilities to the patients.

श्री भगवंत मान (संगरूर): महोदय, देश में कैंसर की बीमारी बहुत घातक हद तक फैल रही है। पंजाब में तो हालात और भी बदतर हैं, खास तौर पर मालवा जोन, भटिंडा, मानसर, संगरूर, पटियाला, लुधियाना वगैरह। पंजाब में कैंसर का कोई अस्पताल न होने की वजह से लोगों को इलाज में दिक्कतें आ रही हैं। पीने लायक पानी और दूषित पानी एवं फसलों पर कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल इसका बड़ा कारण है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि पंजाब राज्य में कैंसर के बढ़ते मामलों की रोकथाम, इलाज, एवं इसके कारणों की जांच कर इस दिशा में शीघ्र उचित कदम उठायें।